शुभम् भूयात्   मंगलम् भूयात्   कल्याणम् भूयात्

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

वर्ष-18 | अंक 07
जुलाई 2025

# पाथेय

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन



# सम्पादकीय

**प्रिय युवा साथियों,**

**सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!**

**प्रातः स्मरणीय परम पावन युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी चातुर्मास हेतु सुखसातापूर्वक अहमदाबाद पधार गये हैं। दिनांक 22 जून 2025 को परम पूज्य आचार्यप्रवर का अहमदाबाद में मंगल प्रवेश हो चुका है। अहमदाबाद प्रवासी हजारों–हजारों श्रावक–श्राविकाएं अपने आराध्य का अपनी प्रवास स्थली में श्रद्धामय अभिनंदन कर धन्यता की अनुभूति कर रहे थे। पूज्य गुरुदेव के पावन सान्निध्य में अहमदाबाद चातुर्मास में अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होने हैं।

चातुर्मास का समय अधिकाधिक धर्माराधना का होता है। शाखा परिषदें इस चातुर्मास में यथानुकूलता अभातेयुप के आध्यात्मिक आयामों जैसे 'मैं हूं सामायिक साधक', 'तपोयज्ञ', 'बारह व्रत', 'सम्यक दर्शन कार्यशाला', 'भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला' आदि को विशेष गति देने का लक्ष्य रखें। युवा साथी एवं किशोर चातुर्मासकाल में अपने–अपने क्षेत्रों में विराजित चारित्रात्माओं/समणीवृंद के दर्शन एवं उनके सान्निध्य का अधिकाधिक लाभ उठाने का प्रयास करें। अनुकूलता हो तो प्रतिदिन सामायिक करने का लक्ष्य रखें अन्यथा प्रत्येक शनिवार सायं 7.00 से 8.00 बजे सामायिक तो आवश्यक रूप से करें। जितना संभव हो त्याग–प्रत्याख्यान करने का प्रयास करें। छोटे–छोटे व्रत, त्याग का स्वीकरण भी आध्यात्मिक विकास की दिशा में सार्थक कदम हो सकता है। चारित्रात्माओं/समणीवृंद/उपासकगण की प्रेरणानुसार आत्माराधना के अन्य उपक्रम भी चलते रहने चाहिए। केन्द्रीय दिशा–निर्देशों के अनुरूप हमारे संघीय महत्व के सभी पर्व/दिवसों की आराधना/आयोजना में शाखा परिषदों व युवा साथियों की सक्रिय सहभागिता रहनी चाहिए।

**बन्धुओं!** अधिकांश शाखा परिषदों में चुनाव/मनाव प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। मैं नवनिर्वाचित/नवमनोनीत सभी अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण एवं युवा साथियों को बधाई देता हुआ उनके सफल और यशस्वी कार्यकाल की मंगलकामना करता हूं। मैं सभी युवा साथियों से कहना चाहूंगा कि हम सभी तेरापंथ जैसे गौरवशाली धर्मसंघ के सदस्य हैं, यह हमारा सौभाग्य है। संघ और संघपति के प्रति हमारी गहरी श्रद्धा और आस्था रहे। मर्यादा और अनुशासन इस संघ का आधार स्तम्भ है। हम सभी संघ और संगठन की मर्यादा का सम्मान करें, अनुशासन में रहें। तेयुप के प्रत्येक पदाधिकारी को केन्द्रीय और स्थानीय संगठन के संविधान, रीति–नीति, कार्यप्रणाली आदि की समुचित जानकारी होनी चाहिए एवं उसी के अनुरूप कार्य होना चाहिए। संविधान किसी भी संगठन का प्राणतत्त्व होता है। उसका सम्मान और सुरक्षा उससे जुड़े प्रत्येक सदस्य का सामूहिक दायित्व है। अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण अपनी पूरी टीम को इस दिशा में जागरूक रखें एवं टीम भावना के साथ सबके साथ सामंजस्य रखते हुए कार्य करने का प्रयास करें। अभातेयुप और उसकी शाखा परिषदों के माध्यम से एक विशाल और गौरवशाली संगठन के साथ जुड़ना प्रत्येक युवक का सौभाग्य है।

सभी परिषदों से निवेदन है कि अपनी शाखा परिषद का सत्र 2024–25 का अपने कार्यकाल का शाखा प्रतिवेदन भरकर दिनांक 31 जुलाई 2025 तक अपनी परिषद के शाखा प्रभारी को प्रेषित करें। शाखा प्रभारीगण से निवेदन है कि अपने प्रभार की शाखा परिषद का प्रतिवेदन दिनांक 10 अगस्त 2025 तक लाडनूं कार्यालय को प्रेषित करें। यह शाखा प्रतिवेदन आने वाली नई टीम द्वारा यथासमय अभातेयुप कार्यालय में शाखा मूल्यांकन हेतु प्रेषित किया जायेगा,

ताकि आपके द्वारा किए गए कार्यों का अभातेयुप के आगामी वार्षिक अधिवेशन में शाखा मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकन किया जा सके।

**साथियों!** आषाढ़ शुक्ला त्रयोदशी तदनुसार दिनांक 8 जुलाई 2025 को जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के आद्यअनुशास्ता परम पूज्य आचार्यश्री भिक्षु के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष का शुभारंभ हो रहा है। यह वर्ष चतुर्विध धर्मसंघ के लिये एक महत्वपूर्ण वर्ष है। युगप्रधान परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन निर्देशन में इस वर्ष को **'भिक्षु चेतना वर्ष'** के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मैं महामना आचार्यश्री भिक्षु को श्रद्धा के साथ कोटि–कोटि नमन करता हूं। पूज्य गुरुदेव द्वारा निर्दिष्ट कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष यथासंभवतया स्थानीय स्तर पर प्रत्येक शुक्ला त्रयोदशी को रात्रि में आंशिक धम्म जागरणा का आयोजन किया जा सकता है। व्यक्तिगत रूप में **'ॐ भिक्षु–जय भिक्षु'** का सवा लाख जप यथेष्ट किया जा सकता है। प्रत्येक शुक्ला त्रयोदशी को उपवास, एकासन, विगयवर्जन आदि यथेष्ट तप किया जा सकता है। पूज्य गुरुदेव ने इस वर्ष 'भिक्खु जस रसायन' तथा 'भिक्षु विचार दर्शन' पुस्तक के स्वाध्याय की प्रेरणा प्रदान की है। इसके अतिरिक्त भिक्खू दृष्टान्त, अनुकम्पा री चौपाई, नवपदार्थ, व्रताव्रत री चौपाई, विनीत–अविनीत री चौपाई, इंद्रियवादी री चौपाई, मिथ्यात्वी री करणी इन सात ग्रंथों का वाचन भी किया जा सकता है। अधिकाधिक युवा साथी व्यक्तिगत एवं यथापेक्षा संस्थागत रूप से आराधना/साधना का लक्ष्य रखें।

इस चातुर्मास में अभातेयुप एवं समण संस्कृति संकाय, जैन विश्व भारती के संयुक्त तत्वावधान में आचार्यश्री महाश्रमणजी की कृति **'आचार्य भिक्षु'** पर आधारित **सम्यक दर्शन कार्यशाला 2025** का आयोजन दिनांक 09 से 23 सितंबर 2025 तक चारित्रात्माओं के सान्निध्य में शाखा परिषदों को करना है।

जून 2025 में अभातेयुप के निर्देशन/तत्वावधान में शाखा परिषदों द्वारा अनेक कार्यक्रम संपादित हुए, जिनकी संक्षिप्त अवगति पाथेय के इस अध्यक्षीय शीर्षक में एवं विस्तृत अवगति पूरे अंक के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी।

**आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर** के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित सेंटर्स में जून माह में **42776 व्यक्तियों** ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया। तेयुप विजयनगर एवं जयपुर द्वारा एटीडीसी का शुभारंभ किया गया। तेयुप राजाजीनगर द्वारा आचार्य तुलसी डे केयर का शुभारंभ किया गया।

**आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स** के अंतर्गत विभिन्न स्टोर्स में जून माह में **19518 लाभार्थियों** ने औषधियां सुलभ मूल्य पर क्रय की। तेयुप विजयनगर एवं हैदराबाद द्वारा आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स का शुभारंभ किया गया।

**मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव** के अंतर्गत जून माह में शाखा परिषदों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों में 87 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। आगामी दिनांक 17 सितम्बर 2025 को अभातेयुप संपूर्ण परिषदों और संपूर्ण युवाशक्ति के सहयोग व सहभागिता के साथ **'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0'** का विराट आयोजन करने जा रही है। शाखा परिषदों एवं युवा साथियों से निवेदन है कि इस अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ अपने–अपने क्षेत्रों के सभी ब्लड बैंक को 17 सितंबर 2025 हेतु अग्रिम रूप से आरक्षित कर देवें। अपनी परिषद में एमबीडीडी संयोजकगण/टीम की नियुक्ति करें एवं अन्य एनजीओ को भी इस अभियान में जोड़ें। अभातेयुप सभी के साथ मिलकर सभी के सहयोग से रक्तदान का एक ओर नया कीर्तिमान रचने के लिये पुनः संकल्पित है। इस बार 8 हजार रक्तदान शिविरों के आयोजन का लक्ष्य रखा गया है।

**आई डोनेशन** के अंतर्गत जून माह में 24 शाखा परिषदों द्वारा **33 नेत्रदान** करवाए गए, जिसमें तेयुप साउथ हावड़ा एवं सरदारपुरा जोधपुर द्वारा सर्वाधिक 3–3 नेत्रदान करवाए गए।

**युवा वाहिनी** के अंतर्गत जून माह में 5 शाखा परिषदों के साथियों को पूज्यप्रवर की यात्रा में सेवा और पूज्य सन्निधि का अलभ्य अवसर प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। विभिन्न शाखा परिषदों के साथियों को साधु–साध्वियों की मार्गसेवा के दायित्व निर्वहन का सुअवसर मिला।

**जैन संस्कार विधि** के अन्तर्गत जून माह में जन्मोत्सव, नामकरण, विवाह, भूमि पूजन, गृह प्रवेश आदि से सम्बन्धित **97 कार्यक्रम** 39 शाखा परिषदों द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पादित हुए।

**व्यक्तित्व विकास कार्यशाला** के अंतर्गत जून माह में तेयुप अहमदाबाद, पर्वत पाटिया, उत्तर कोलकाता, परिषदों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। हैदराबाद परिषद् द्वारा 3 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

**कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पिकिंग** के अंतर्गत जून माह में तेयुप दिल्ली एवं सरदारशहर शाखा परिषदों द्वारा सीपीएस कार्यशाला का आयोजन हुआ। तेयुप जयपुर द्वारा मास्टर ऑफ सेरेमनी का आयोजन किया गया।

**फिट युवा : हिट युवा** के अंतर्गत दिनांक 20 से 22 जून 2025 को **योगा से होगा 2.0** आयोजन में 66 परिषदों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई, 80 शिविरों में 10 हजार से अधिक लोगों ने सहभागिता दर्ज कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्रदर्शित की।

**तेरांपथ टास्क फोर्स** के अंतर्गत तेयुप विजयनगर द्वारा फिजीकल मिशल एंपावरमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**सरगम** के अंतर्गत इस सत्र के द्वितीय क्वार्टर फाइनल का आयोजन 01 जून 2025 को तेयुप उदयपुर एवं तृतीय क्वार्टर फाइनल का आयोजन दिनांक 15 जून 2025 को तेयुप वाशी–मुंबई द्वारा किया गया।

**आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल** के अंतर्गत दिनांक 27 जून 2025 को तेयुप इंदौर द्वारा **आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल (गर्ल्स)** का शुभारंभ किया गया।

दिनांक 28 जून 2025 को अहमदाबाद में अभातेयुप के सत्र 2023–25 की राष्ट्रीय कार्यसमिति की पंचम बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अभातेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी के पावन सान्निध्य में प्रशिक्षण का विशेष सत्र आयोजित हुआ, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण प्रेरणाएं मुनिश्री द्वारा प्रदान की गई। सभी शाखा परिषदों एवं युवा साथियों से उन प्रेरणाओं की अनुपालना हेतु निवेदन है। दिनांक 29 जून 2025 को एमबीडीडी विशेष चिंतन संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें आगामी 17 सितम्बर 2025 को आयोज्य रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 की विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा व चिंतन हुआ।

इस प्रकार अभातेयुप के सभी आयाम शाखा परिषदों और युवा साथियों के सहयोग व सहभागिता से सफलतापूर्वक संपादित होते हैं। अपेक्षा है कि संगठन के विकास में सभी शाखा परिषदें, युवा साथी और किशोर निरंतर सहयोगी–सहभागी बनते रहें।

आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत दिनांक 11–12–13 जुलाई 2025 को अहमदाबाद में परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में तेरापंथ किशोर मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है। दिनांक 13 जुलाई 2025 को चातुर्मास के प्रथम रविवार पर मंत्र दीक्षा का आयोजन है। दिनांक 20 जुलाई 2025 को कौन बनेगा चौपिंयन–केबीसी के क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल का आयोजन पूज्य प्रवर के पावन सान्निध्य में अहमदाबाद में हो रहा है।

सभी के प्रति मंगलकामनाओं के साथ–

**सदैव आपकी सेवा में**

Ramesh Daga

**रमेश डागा**

**अध्यक्ष**

# दिशा-निर्देश

- शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/ jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण **abtypsecretary@gmail.com** पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के निम्नलिखित QR Code का उपयोग करते हुए संबंधित बैंक खाते में जमा करवाकर उसकी सूचना जमा रसीद की प्रतिलिपि के साथ केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं के **मोबाइल नंबर 8905995001** पर भेजें।
- **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् एवं समण संस्कृति संकाय (जैन विश्व भारती) के संयुक्त तत्वावधान में

# सम्यक दर्शन कार्यशाला 2025




परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् एवं समण संस्कृति संकाय-जैन विश्व भारती, लाडनूं के संयुक्त तत्वावधान में **सम्यक दर्शन कार्यशाला** का आयोजन शाखा परिषदों के माध्यम से हो रहा रहा है, जिसका प्रारूप निम्नलिखित रहेगा–

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम का नाम | : सम्यक दर्शन कार्यशाला-2025 |
| सान्निध्य | : देश-विदेश में विराजित चारित्रात्माएं एवं विशेषज्ञ |
| कार्यशाला अवधि | : 09 से 23 सितम्बर 2025 (चारित्रात्माओं के सान्निध्य में) |
| स्थानीय आयोजक | : तेरापंथ युवक परिषद् |
| कार्यशाला रजिस्ट्रेशन शुल्क | : ₹50/- |
| पाठ्यक्रम | : 'शासन गौरव' मुनि बुद्धमलजी द्वारा लिखित पुस्तक 'आचार्य भिक्षु' (अध्याय 08, 12, 13 को छोड़कर) एवं प्रवचन (वक्तव्य) शृंखला पर आधारित |
| पुस्तक मुल्य | : ₹150/- प्रति पुस्तक + पोस्टल चार्ज |
| पुस्तक प्राप्ति | : स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद् अथवा अभातेयुप सहप्रभारी 9974078759 अथवा साहित्य विभाग लाडनूं, 8742004849 से संपर्क करें। |

प्रारूप–

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन अध्ययन | : पहला चरण 23 जून से 20 जुलाई 2025<br>दूसरा चरण 21 जुलाई से 18 अगस्त 2025<br>तीसरा चरण 30 अगस्त से 23 सितम्बर 2025 |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | : 20 अगस्त से 23 सितम्बर 2025 |
| मॉडल पेपर एवं फाइनल रिविजन | : 25 से 28 सितम्बर 2025 |
| परीक्षा तिथि | : गुरुवार, 02 अक्टूबर 2025, ऑनलाइन संबोधि एप्प के माध्यम से |

भुगतान हेतु QR कोड स्केन करें

**मालचंद बेगानी**
विभागाध्यक्ष
समण संस्कृति संकाय

**मनीष बाफना**
प्रभारी, अभातेयुप
7014522237

**पुखराज डागा**
संयोजक, समण संस्कृति संकाय
9810449960

**पंकज डांगी**
सहप्रभारी, अभातेयुप
9974078759

**राजेश दुगड़**
सहसंयोजक, समण संस्कृति संकाय
9818211799

**स्नेहलता चोरड़िया**
सहसंयोजक, समण संस्कृति संकाय
8089280285

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **''मैं हूँ सामायिक साधक''** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें:-

**प्रभारी**
राकेश दक, 9916949115

**सहप्रभारी**
दीपक श्रीमाल, 9374674694

---

युवकों एवं किशोरों में जैनत्व और अध्यात्म के संस्कार पुष्ट करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अभियान चलाया जा रहा है– **''तपस्या का महायज्ञ-तपोयज्ञ''**। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

त्याग जैन धर्म का आधार है और गुरुदेव का प्रिय विषय है। साथियों, तपोयज्ञ के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का संकल्प लें (निर्धारित जमीकंद : आलू, प्याज, लहसुन, शकरकंद, गाजर, मूली इत्यादि)। सभी अभातेयुप साथी एवं समस्त शाखा परिषदें प्रत्येक गुरुवार जमीकंद त्याग में सहभागी बने। पूरे वर्ष के प्रत्येक गुरुवार के लिए एक ही लिंक प्रेषित की जा रही है। आप अतिशीघ्र लिंक भरकर प्रत्याख्यान ग्रहण करें – https://abtyp.org/tyagi_thursday

**प्रभारी**
जितेश पोखरणा, 9001009101

**सहप्रभारी**
अमित कांकरिया, 9422092222

---

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यश्री भिक्षु के सिद्धांतों, विचारों एव जीवन दर्शन को जानने व समझने की दृष्टि से इस सत्र अभातेयुप के अंतर्गत **''भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला''** का उपक्रम प्रारंभ किया गया है। शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन करें। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

**प्रभारी**
श्रैयाँस कोठारी, 9772189080

**सहप्रभारी**
राकेश पोकरणा, 9902023187

---

अभातेयुप जीवनदायी दवाईयों को सुलभ मूल्यों पर उपलब्ध करवाकर एक और मानव सेवा का महान कार्य कर रही है। इस उपक्रम का नाम है– **''आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स''**। आपने क्षेत्र में मानव सेवा के इस प्रकल्प को शुरू करने के लिए संपर्क करें:-

**प्रभारी** विकास बोथरा, 9933773417 **सहप्रभारी** अमित दक, 9620696106

**देशभर में संचालित आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स से प्राप्त जून माह की रिपोर्ट**

| Medical Name | Patients | Medical Name | Patients |
|---|---|---|---|
| Bardoli (2 Centres) | 11789 | Gandhinagar-Bangalore | 778 |
| Purvanchal-Kolkata | 2946 | Daulatgarh | 458 |
| Puzhal & Redhills-Chennai (2 Centres) | 2320 | Surat | 284 |
| Vijaynagar (Hampinagar & Attiguppe) | 906 | Ahmedabad | 37 |
| | | Total | 19518 |

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा-संस्कार-संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। सामाजिक क्षेत्र में सेवा का उद्देश्य भी महत्वपूर्ण है। **''आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर''** अभातेयुप का मानव सेवा को समर्पित महत्वपूर्ण उपक्रम है, जिनमें विभिन्न प्रकार की मेडीकल जांच एवं दंत रोगों का न्यूनतम दरों पर उच्चतम ईलाज किया जाता है। एटीडीसी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| सौरभ मुणोत, 8655690391 | आलोक छाजेड़, 9739048090 | ललित मेहर, 9880028999 |

## देशभर में संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर्स से प्राप्त जून माह की रिपोर्ट

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Vijaynagar-Bangalore | 2610 |
| Hampinagar-Vijaynagar | 2158 |
| Magadi Road-Vijaynagar | 1646 |
| Kamakshipalya-Vijaynagar | 502 |
| Nagarbhavi-Vijaynagar | 632 |
| Mudalpalya-Vijayanagar | 884 |
| Attiguppe-Vijaynagar | 128 |
| Gandhinagar-Bangalore | 2369 |
| Adugodi-Gandhinagar | 79 |
| Guttahalii-Gandhinagar | 222 |
| R. R. Nagar-Bangalore | 1241 |
| Kengeri-R.R.Nagar | 347 |
| Srirampuram-Rajajinagar | 660 |
| Udhna | 3439 |
| Pandesara-Udhna | 272 |
| Bhestan-Udhna | 320 |
| City Centre-Ahmedabad | 446 |
| Subh Complex-Ahmedabad | 281 |
| Amraiwadi Odhav | 99 |
| Bardoli | 448 |

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Puzhal-Chennai | 3428 |
| Triplicane-Chennai | 650 |
| Redhills-Chennai | 324 |
| Vyasarpadi-Chennai | 441 |
| Bhilwara | 200 |
| Jaipur | 639 |
| Nokha | 289 |
| Gangashahar | 531 |
| Dombivali-Mumbai | 3188 |
| Koparkhairne-Mumbai | 335 |
| Dondaicha | 630 |
| Siliguri | 1646 |
| Sainthia | 747 |
| Purvanchal-Kolkata | 4598 |
| Guwahati | 140 |
| Katihar | 174 |
| Raipur | 696 |
| Ratlam | 2519 |
| Sunam | 311 |
| Total | 42776 |

**सूचना**

सभी शाखा परिषदें अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, सभी युवा साथी साधुवाद के पात्र हैं। बंधुओं, आप द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी व कृत कार्यों की फोटो पाथेय में प्रकाशित कर रहे हैं जो शाखा परिषदें अपने यहां किए कार्यक्रमों की जानकारी नहीं भेजती है, कृपया भिजवावें। तदर्थ आपसे निवेदन है कि आपके द्वारा

1. जैन संस्कार विधि से आयोजित कार्यक्रम
2. सेवा कार्य/आध्यात्मिक प्रतियोगिता/कार्यशाला आदि
3. रास्ते की सेवा दिन/सप्ताह/मासिक (परिषद् नाम, चारित्रात्मा का नाम, कितने किलोमीटर सेवा, कुल सदस्य)
4. ब्लड डोनेशन कैम्प या तेयुप द्वारा आयोजित अन्य कोई भी कार्यक्रम की रिपोर्ट फोटो सहित माह की अंतिम तारीख तक मेल आईडी abtypsecretary@gmail.com पर मेल करें। अगर आप कार्यक्रम होने के बाद मेल कर देते हैं तो पुनः मेल न करें। फोटो क्लियर होनी चाहिए और कोलार्ज/सेल्फी फोटो न भेजे।

## आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स शुभारम्भ-विजयनगर (15 जून 2025)




।। नूतन चिंतन-नया विकास, युवकों में जागे विश्वास ।।

## आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल शुभारम्भ-हैदराबाद (22 जून 2025)












## आचार्य तुलसी डे केयर शुभारम्भ-राजाजीनगर, बैंगलोर (26 जून 2025)












## आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर शुभारम्भ-जयपुर (13 जून 2025)




अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के अंतर्गत विश्व का सबसे बड़ा अभियान **''मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव''** के अंतर्गत **''रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0''** अभातेयुप के स्थापना दिवस दिनांक 17 सितंबर 2025 को होने जा रहा है। इस अभियान में अभातेयुप के साथ देश-विदेश के अन्य एनजीओ भी जुड़कर इसे व्यापक एवं विशाल रूप देने को प्रयासरत हैं। इस अभियान को पूर्व की तरह इस वर्ष भी भारत सरकार का सहयोग प्राप्त है।

सन 2022 में 6000 से अधिक शिविर एवं 2.50 लाख से भी अधिक यूनिट एक ही दिन 17 सितम्बर को एकत्रित किए थे। साथ ही सन 2023 में 13000 से भी अधिक शिविर के साथ हमने 3 लाख 75 हज़ार से भी अधिक यूनिट एकत्रित किए हैं। इस वर्ष हम 8000 शिविरों के विशाल स्वरूप की ओर बढ़ रहे हैं। मानवता को समर्पित यह अभियान न केवल देश अपितु विदेश में भी इस बार पूरे जोश के साथ होने जा रहा है। इस बार हम विराट लक्ष्य के साथ गतिमान हैं और हम निवेदन करते हैं कि सभी परिषदें और युवा साथी तो जुड़ेंगे ही अपितु परिवार, समाज, गाँव, शहर के माध्यम से हमारे देश का एक-एक सदस्य इसमें अग्रणी रूप से जुड़कर कार्य करे। सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

**प्रभारी**
**हितेश भांडिया, 9829298364**

**सहप्रभारी**
**सौरभ पटावरी, 9825141911**

**प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जून माह में आयोजित रक्तदान शिविरों का विवरण**

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 16-05-25 | TYP Birgunj (Nepal) | 43 |
| 2 | 13-06-25 | TYP Rajarajeshwarinagar | 32 |
| 3 | 13-06-25 | TYP Rajarajeshwarinagar | 12 |








**"युवा वाहिनी"** के अंतर्गत परमपूज्य आचार्यप्रवर की यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा युवा साथी अधिक ये अधिक सहभागी बने। आचार्यप्रवर की यात्रा सूरत से **प्रस्थान कर मर्यादा महोत्सव हेतु भुज की ओर अग्रसर होने वाली है। सभी शाखा परिषदों से अनुरोध है कि यात्रा में आचार्यप्रवर की रास्ते की सेवा हेतु अपना रजिस्ट्रेशन इस लिंक https://abtyp.org/yuva-vahini-booking-form के माध्यम से करवावें।** अधिक जानकारी हेतु राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

**प्रभारी**
**नितेश कोठारी, 9367750695**

**सहप्रभारी**
**महेश परमार, 9892121205**

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार
## जून में पूज्यप्रवर की यात्रा सेवा

| परिषद् का नाम | राज्य |
|---|---|
| तेयुप अहमदाबाद | गुजरात |
| तेयुप भायंदर-मुंबई | कर्नाटक |
| तेयुप बांद्रा-मुंबई | महाराष्ट्र |
| तेयुप उदयपुर | राजस्थान |





## जून माह में विभिन्न शाखा परिषदों द्वारा प्राप्त चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा की जानकारी

| परिषद् | चारित्रात्मा | कि.मी. |
|---|---|---|
| तेयुप गंगाशहर | मुनिश्री कमलकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री श्रेयांसकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री मुकेशकुमारजी आदि ठाणा, शासनश्री साध्वीश्री बसंतप्रभाजी आदि ठाणा, शासनश्री साध्वीश्री शशिरेखाजी आदि ठाणा एवं साध्वीश्री जिनबालाजी आदि ठाणा | 58 |
| गुवाहाटी | मुनिश्री रमेशकुमारजी आदि ठाणा | 44 |
| साउथ हावड़ा | मुनिश्री जिनेशकुमारजी आदि ठाणा | 25 |
| उत्तर कोलकाता | मुनिश्री जिनेशकुमारजी आदि ठाणा | 12 |
| अमराईवाड़ी-ओढ़व | मुनिश्री रजनीशकुमारजी आदि ठाणा | 05 |
| साउथ कोलकाता | मुनिश्री जिनेशकुमारजी आदि ठाणा | 04 |
| मदनगंज किशनगढ़ | साध्वीश्री प्रमोदश्रीजी आदि ठाणा एवं साध्वीश्री शांताकुमारीजी आदि ठाणा | 20 |














आचार्यप्रवर की सेवा में देश-विदेश से आने वाली युवा शक्ति के लिए चौका **"सत्कार"** की व्यवस्था "मोबाईल हाऊस" के रूप में निरंतर गतिशील है। इसमें रहने एवं भोजन सम्बन्धित सभी अपेक्षित संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही साथ युवकों में संस्कारों का संचार हो इसलिए रास्ते की सेवा के साथ-साथ गोचरी सम्बन्धित जानकारी भी प्रदान की जाती है। सत्कार में कोई भी परिषद् या परिवार एक माह की सेवा ले सकता है, इसके लिए अनुदान 2,50,000/- प्रति माह रखा गया है। 15 दिन हेतु 1,25,000/- और 7 दिन हेतु 75,000/- के अनुदान द्वारा भी सत्कार सेवा का लाभ लिया जा सकता है। उस माह के अंतर्गत संबंधित अनुदानदाता का बैनर लगाया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| संदीप डागा, 9831058450 | गौतम बाफना, 9327916676 |

**जून माह सहयोगी तेयुप ठाणे व श्री कमलेशकुमार मयंककुमार धाकड़, बांद्रा-शिशोदा**

किशोर एवं युवा जो शिक्षा के लिए अपने घर से दूर अन्य शहर/क्षेत्र में रहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की शिक्षा निर्बाध रूप से चले एवं दैनिक आवश्यकताओं की सुगमता हेतु अभातेयुप द्वारा सर्वसुविधायुक्त **"आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल"** की शृंखला देशभर में प्रदान की जा रही है। हॉस्टल में किचन, स्टडी रूम, योगा/प्रेयर रूम, डाइनिंग, हॉल, जिम आदि की सुविधायें होंगी। अहमदाबाद, बैंगलोर, दिल्ली, कोलकाता, कोटा, दोंडाइचा व जयपुर में हॉस्टल संचालित हो रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

Acharya Tulsi Jain Hostel

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|---|
| संदीप हिंगड़ | संदीप ओस्तवाल | सुमित कोठारी | विकास कोठारी | विशाल आंचलिया |
| 9829297100 | 9414184850 | 9830788860 | 9892947168 | 9392468909 |

## संचालित आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल

| | |
|---|---|
| Ahmedabad (Girls) | 12, Arham, Sardar Patel Colony, Opp. R-Regenta Hotel, Near Girish Cold Drink Cross Road, Navrangpura, Ahmedabad-380009 (Gujarat) M.: 9374986950, 9429628380, 9409514619, 8980037000 |
| Bangalore (Boys) | 1934, 13th Cross, Railway Pipeline Ext., Hampinagar, Bangalore-560040 (Karnataka), M.: 8892771749, 9380260206, 9902023187, 9900107407 |
| Delhi (Boys) | Terapanth Bhawan, A-875, TYP Floor, Shastri Nagar, Delhi-110052, M.: 9873447932, 9899075762, 9870466552, 9990992348 |
| Kolkata (Boys) | TYP Tollygunge House, 25/97, Rajendra Prasad Colony (Prince Golam Md. Shah Road), Golf Green, Tollygunge, Kolkata-700095 (W. B.), M.: 9830788860, 9088011111, 8100110111 |
| Kota (Boys) | 1 D22, Talwandi, Kota-324005 (Rajasthan), M.: 9251437108, 9783655036, 982952564, 9413007336 |
| Donadaicha (Girls) | Ahimsa Campus, Dhule Road, Dondaicha-425408 (Maharashtra), M.: 8655690391 |
| Jaipur (Boys) | Ashirwad 25, Himmat Nagar, Street No. 3, Gopalpura Bypass, Tonk Road, Jaipur (Raj.), M.: 8058979056, 9929125932 |
| Indore (Girls) | Youth Excellence Centre 80A, Sudama Nagar, Opp. Maharaha Yashwantrao School, Narendra Tiwari Marg, Indore-452009 (M.P.), M.: 9669954555, 9644413444, 9303293036 |

जीवन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु अभातेयुप द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक कार्यक्रमों में जैन संस्कार विधि का उपयोग हो एवं संस्कारक तैयार किये जा सके। इस माह में प्राप्त जानकारी के अनुसार संपादित कार्यक्रमों की सूची निम्नलिखित है। कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु स्थानीय संस्कारकों अथवा राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:–

जैनं जयतु शासनम्
जैन संस्कार विधि

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|
| मनीष मालू | अरूण गर्ग | राहुल चेतन बरड़िया | विकास बांठिया |
| 9375865878 | 9068100012 | 9080587415 | 9008988200 |

## जून माह में जैन संस्कार विधि से आयोजित कार्यक्रम

| क्र. | कार्यक्रम | संस्कार | क्र. | कार्यक्रम | संस्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | शुभारंभ | 18 | 07. | पाणिग्रहण | 07 |
| 02. | जन्मोत्सव | 18 | 08. | स्मृति सभा | 05 |
| 03. | नामकरण | 15 | 09. | तप संपूर्ति | 02 |
| 04. | शपथ ग्रहण | 14 | 10. | अंतिम संस्कार | 01 |
| 05. | गृह प्रवेश | 08 | 11. | भूमि पूजन | 01 |
| 06. | वैवाहिक वर्षगांठ | 07 | 12. | सगाई | 01 |
| | | | | कुल | 97 |

| Sr. No | ParishadName | जन्म दिवस / वैवाहिक वर्षगांठ संस्कार | सामूहिक जन्म दिवस / वैवाहिक वर्षगांठ | शिलान्यास संस्कार | नामकरण संस्कार | अंतिम संस्कार विधि | स्मृति सभा | तप अनुष्ठान संपूर्ति | शपथ विधि संस्कार | विवाह संस्कार | सगाई संस्कार | गृह प्रवेश संस्कार | शुभारंभ संस्कार | Total |
